**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**व्यय विभाग**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या - 2072**
***सोमवार, 09 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)***

**वायनाड के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता**

2072. **एडवोकेट अदूर प्रकाश:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भू-स्खलन प्रभावित वायनाड जिले में राहत और पुनर्वास प्रक्रिया के लिए एक समीक्षा बैठक की थी और केन्द्रीय वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया था;

(ख) यदि हां, तो अब तक प्रदान की गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

**(क) और (ख)**: वायनाड, केरल में भूस्खलन और बाढ़ के प्रकोप के परिणामस्वरूप, गृह मंत्रालय (आपदा प्रबंधन के लिए नोडल मंत्रालय) ने केरल की राज्य सरकार से इस संबंध में कोई ज्ञापन प्राप्त किए जाने की प्रतीक्षा किए बिना, वहां हुई क्षति के आकलन के लिए 02.08.2024 को एक अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय दल (आईएमसीटी) का गठन किया था। आईएमसीटी ने 08 अगस्त से 10 अगस्त, 2024 को राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के अंतर्गत अतिरिक्त सहायता की मांग करते हुए 19 अगस्त, 2024 को अपना ज्ञापन प्रस्तुत किया था। आईएमसीटी की रिपोर्ट के आधार पर, केन्द्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वास्तविकता के आधार पर, राहत एवं बचाव के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के हेलीकॉप्टरों के हवाई बिलों तथा मलबे की सफाई के लिए राज्य द्वारा किए गए वास्तविक व्यय के लिए 153.47 करोड़ रुपये की राशि (एसडीआरएफ खाते में उपलब्ध शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अध्यधीन) की सहायता स्वीकृत की थी।

इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु केरल की राज्य सरकार को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के लिए 388.00 करोड़ रुपये (291.20 करोड़ रुपये का केन्द्र का हिस्सा + 96.80 करोड़ रुपये राज्य का हिस्सा) की राशि आवंटित की गई है। एसडीआरएफ के केन्द्र के हिस्से की 145.60 करोड़ रुपये की पहली किस्त 31.07.2024 को जारी की गई थी। केन्द्र के हिस्से की 145.60 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त भी अग्रिम के रूप में राज्य सरकार को 01.10.2024 को जारी की गई थी। इसके अलावा, महालेखाकार, केरल ने 01 अप्रैल, 2024 तक केरल के एसडीआरएफ खाते में 394.99 करोड़ रुपये की राशि शेष होने के विषय में सूचित किया था। इस प्रकार, राहत कार्यों के लिए राज्य के एसडीआरएफ के खाते में 782.99 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

********